Title: Need to provide adequate financial assistance to the Government of Jharkhand for implementation of small irrigation projects in the State.

श्री फुरकान अंसारी (गोड्डा) : महोदय, झारखंड एक पिछड़ा हुआ राज्य है। यहां पर सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण केवल एक चौथाई भूमि ही कृषि योग्य है। बाकी की तीन चौथाई भूमि बंजर भूमि है। वहां पर कृषि के लिए सिंचाई की कोई भी व्यवस्था नहीं है। न तो केन्द्र सरकार की तरफ से तथा न ही राज्य सरकार की तरफ से इस पर विशेष ध्यान दिया गया है। कुछ बड़ी परियोजनाएं केन्द्र सरकार की तरफ से बनायी गयी थीं, मगर उनसे सिंचाई के लिए कुछ विशेष लाभ नहीं मिल सका है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि सिंचाई की लघु योजनाएं बनायी जाएं जिससे कि राज्य की भूमि को कृषि योग्य बनाया जा सके। इससे एक ओर राज्य कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा तथा दूसरी ओर इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। सिंचाई की इन योजनाओं के लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाए।

सभापति महोदय : श्री फुरकान अंसारी जी, जितना आपने दिया हुआ है, उतना ही रिकार्ड में जाएगा, उससे ज्यादा रिकार्ड में नहीं जाएगा।

Shri Y.G. Mahajan − Not present.

Shri Ganesh Singh - Not present.

Shri Sukdeo Paswan - Not present.

Shri Suresh Chandel - Not present.

Shrimati Manorama Madhvaraj - Not present.

Shri P. Karunakaran.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, विपक्ष सदन में मौजूद नहीं है तो फिर क्यों उनके नाम â€¦ (व्यवधान)।

सभापति महोदय : श्री रामदास जी, आप बैठ जाइये। आप इनको बोलने दीजिये। आपको भी बोलने का मौका मिलेगा।